**खबर संक्षेप**

## धोखाधड़ी करने वाले को किया जांच में शामिल

**हांसी।** हांसी सदर पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर 42 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को जांच में शामिल किया गया है। धोखाधड़ी करने के मामले की जांच में शामिल किए गए आरोपी की पहचान किन्नर गांव निवासी नरेश के रूप में हुई है। जांच अधिकारी थाना सदर हांसी में तैनात उप निरीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि जांच में शामिल किए गए आरोपी ने मसूदपुर निवासी राजेंद्र व राजेश को विदेश भेजने के लिए एजेंट को रुपए दिलवाने में बिचौलिए की भूमिका निभाई थी। लेकिन आरोपी ने रुपए लेकर विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी कर 42 लाख रुपए हड़प लिए थे।

## दुकानों के बाहर रखे गेहूं के 130 कट्टे चोरी

**नारनौंद।** बास की अनाज मंडी से गत रात्रि अज्ञात पिकअप गाड़ी में दुकानों के बाहर रखे गेहूं के 130 कट्टे चोरी हो गए। एक सप्ताह में हुई दो बड़ी चोरियों ने बास अनाज मंडी के आढ़तियों की परेशानी बढ़ा दी। बास अनाज मंडी स्थित पुराने पुलिस थाने में डायल 112 की गाड़ी खड़ी होती है। उससे मात्र 200 मीटर की दूरी पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया है। बास थाना पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अनाज मंडी व आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाले में जुट गई है। बास अनाज मंडी की बलदेवा ट्रेडिंग कंपनी दुकान नंबर 64 के मालिक सिंघवा खास निवासी राजसिंह उर्फ राजा ने पुलिस को दी शिकायत दी थी।

## मुख्यमंत्री कार्यक्रम के आयोजन स्थल का दौरा

**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दो दिवसीय दौरे की तैयारियों में पूरा प्रशासनिक अमला लगा है। मुख्यमंत्री 20 जून को यहां हिसार एयरपोर्ट के एक हिस्से का उद्घाटन करेंगे वहीं अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। अगले दिनमुख्यमंत्री प्रदेश स्तरीय योग दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। योग दिवस समारोह गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में होगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों की तैयारियों व प्रबंधों को मुकम्मल करने में इन दिनों पूरा प्रशासनिक अमला लगा है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे मुख्यमंत्री के दो दिवसीय दौरे की तैयारी को समय रहते मुकम्मल करें। उपायुक्त प्रदीप दहिया एवं योग आयोग के चेयरमैन जयदीप आर्य ने समारोह स्थल का दौरा किया।

### भीषण गर्मी में राहगीरों का गला तर कर कमाया पुण्य

# निर्जला एकादशी पर राहगीरों को पिलाया गन्ने का जूस

चौपटा के भट्टू रोड व नोहर रोड पर दुकानदारों ने मिलकर मीठा जल व गन्ने के जूस की छबील लगाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चोपटा



सिरसा। राहगीरों को शरबत पिलाते हुए दुकानदार।

ज्येष्ठ महीने की गर्मी में क्षेत्र के लोग मीठे पानी की छबील लगाकर सेवा करते है। विशेषतौर पर ज्येष्ठ महीने की निर्जला एकादशी पर लोगों द्वारा शीतल जल, गन्ने के जूस व तरबूज की छबील लगाई जाती हैं। इसी कड़ी में सोमवार को निर्जला एकादशी पर चौपटा के भट्टू रोड व नोहर रोड पर दुकानदारों ने शरबत जल व गन्ने के जूस की छबील लगाई।

दुकानदारों ने आते जाते हुए राहगीरों को शीतल जल पिलाया। सोमवार को तपती गर्मी में मान सिंह घोड़ेला, प्रेम कुमार महता, सुमित कुमार, गौतम महता, चरण प्रकाश, दिनेश जांगड़ा, वंश, हरसिंह आदि दुकानदारों व युवाओं ने सेवा कर लोगों को ठंडा शरबत जल पिलाया। उन्होंने बताया कि वे हर वर्ष निर्जला एकादशी पर छबील लगाते है। इस वर्ष भी बड़े उत्साह के साथ छबील लगाई। वहीं दुकानदारों द्वारा गन्ने के जूस की छबील भी लगाई गई। दुकानदार राजेश जांगड़ा, परसा राम, रविंद्र, अरविंद बैनीवाल, महावीर, पीयूष, पुनीत, कार्तिक, कृष, ईशान आदि ने राहगीरों को तपती गर्मी में गन्ने का जूस पिलाया। उधर, डिंग रोड़ नेशनल हाईवे चौक पर स्थित सोमवार को निर्जला एकादशी के मौके पर दुकानदारों द्वारा ठंडे व मीठे पानी की लगाई गई।

इस दौरान इस भीषण गर्मी में दुकानदारों ने ठंड व मीठा पानी पिलाकर राहगीरों की प्यास बुझाई। लंबे सफर पर रहे यात्रियों को सेवादारों द्वारा ठंडा पानी पिला रहे थे तथा राहगीर भी भीषण गर्मी में ठंडा पानी पीकर गर्मी से राहत महसूस कर रहे थे।

इस मौके पर मुकेश लूथरा, दीपांशु मनचंदा, विकी लूथरा, अमन लूथरा, विनय कुमार, पुनीत शर्मा, गुरतेज परूथी, अमन कुमार व रोहतास सहित भारी संख्या में दुकानदार उपस्थित थे।

# आदमपुर पॉलीटेक्निक एनएसएस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आदमपुर



हिसार। कार्यक्रम में आने वालों का स्वागत करती छात्राएं।

गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक मंडी आदमपुर की एनएसएस इकाई ने वार्षिक पारितोषिक वितरण का आयोजन किया।

समारोह का शुभारंभ एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा व सह संयोजक विष्णु कुमार ने दीप प्रज्वलन करके किया। एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा ने नए सत्र के विद्यार्थियों को आने वाले वर्ष में होने वाली गतिविधियों की तैयारियों के बारे में निर्देश दिए। एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें बताया की एनएसएस व्यक्तित्व निर्माण का एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां से विद्यार्थी सामाजिक सेवा के माध्यम से राष्ट्र सेवा कर सकता है। सालभर की गतिविधियों के आकलन के माध्यम से समारोह में कंप्यूटर विभाग के राजेश को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के पुरस्कार से नवाजा गया वहीं सारिका को गणतंत्र दिवस पर परेड की अगुवाई के लिए परेड कमांडर का पुरस्कार दिया गया। डायरी राइटिंग में सर्वश्रेष्ठ डायरी का प्रथम पुरस्कार दिव्या, द्वितीय मनीषा व तृतीय पुरस्कार जावित्री व कुलदीप को दिया गया। समारोह में हर्षित को मिस्टर एनएसएस फेयरवेल वहीं निशा को मिस एनएसएस फेयरवेल के रूप में चुना गया। विशेष स्वयंसेवक सम्मान मनीषा दिया गया।

सात दिवसीय कैंप के दौरान विभिन्न कमेटियों में काम करने वाले सभी स्वयंसेवकों को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। लड़कियों की कोऑर्डिनेटर निशा व कौशल्या को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। पेंटिंग्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिव्या, मोनिका, अंकित व जतिन को पुरस्कृत किया गया।

# 11.30 ग्राम हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान घग्गर पुल झंडा रोड़ी क्षेत्र से एक युवक को हजारों रुपए की 11 ग्राम 30 मिलीग्राम हैरोइन सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल, सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान बलविंद्र सिंह उर्फ बब्बू पुत्र बिहारी लाल निवासी जंडवाला खुर्द जिला सिरसा के रुप में हुई है। सिरसा पुलिस की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान घग्गर पुल झंडा रोड़ी क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने से एक युवक आता दिखाई दिया। शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उक्त युवक को रोककर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जे से हजारों रुपए की 11 ग्राम 30 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि पकड़े गए युवक के खिलाफ रोड़ी थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि पकडे. गए युवक को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और हेरोइन तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी ली जाएगी।

## ग्रामीणों ने जड़ा बूस्टिंग स्टेशन पर ताला

**बरवाला।** गांव सुलखनी में पीने के पानी की समस्या के समाधान के लिए चल रहा धरना प्रदर्शन दूसरे दिन जारी रहा। इस दौरान गांव की महिलाओं का गुस्सा बढ़ गया और उन्होंने जल घर के सभी कर्मचारियों को खदेड़ दिया और बुस्टिंग स्टेशन पर तालाबंदी कर दी। कहा कि जब तक उनकी समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो जाता है वो बुस्टिंग स्टेशन का ताला नहीं खोलेंगी। सलीम सुलखनी के नेतृत्व में चल रहे धरने पर ग्रामीणों ने कमेटी का गठन करने का विचार किया है। इसमें ग्रामीणों ने सहमति बनाई कि यह कमेटी मुख्यमंत्री से 20 जून को हिसार में मिलेंगे वहीं महिलाओं ने भी फैसला लिया कि वह अपनी समस्या के समाधान को लेकर 20 जून को मुख्यमंत्री से मिलेंगी।

# 14 सितंबर तक करवा सकेंगे आधार अपडेट

- यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के बढ़ाई अंतिम तिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद




यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख बढ़ाकर 14 सितंबर कर दी है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि पहले 14 जून तक फ्री में आधार अपडेट किया जा सकता था जिसे अब तीन महीने आगे बढ़ाते हुए आधार कार्ड को अपडेट करने की तिथि 14 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। नागरिक स्वयं भी वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर करवाया जा सकता है। डीसी राहुल नरवाल ने नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में परेशानी व समस्या का सामना न करना पड़े। आधार कार्ड को अपडेट के लिए जो दस्तावेज इस्तेमाल करते हैं उस पर आपका नाम, जन्मतिथि सही होनी चाहिए। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक द्वारा ऑनलाइन अपडेट करने पर किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड धारक माईआधारपोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माईआधारएप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है।

# आमजन मलेरिया और डेंगू से बचाव को लेकर रहें सतर्क : राहुल नरवाल

- घर के अंदर और आसपास जल ठहराव न होने दें
- बुखार होने पर स्वास्थ्य केंद्र पर रक्त की जांच एवं उपचार कराएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में जगह-जगह जलभराव एवं गंदगी होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू आदि के संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में घर के आस-पास एवं घर के अन्दर मच्छरों के पनपने के स्थान या घरों के आस-पास होने वाले जल जमाव, गमले एवं पशु-पक्षियों के पानी पीने के पात्र एवं घरों की छतों पर रखी अनुपयोगी वस्तुओं का समुचित निस्तारण किया जाना अति आवश्यक है। इसे देखते हुए सरकार की ओर से मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए मलेरिया रोधी माह मनाने का निर्देश दिया है। यह अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि आमजन को गर्मी के मौसम में मलेरिया, डेंगू आदि से सजग व सतर्क रहना होगा। इसी के मद्देनजर सरकार द्वारा 30 जून तक मलेरिया रोधी माह मनाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग का अहम रोल रहेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया व डेंगू की पुष्टि के लिए जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बुखार पीड़ित व्यक्तियों के चिह्नांकन की जिम्मेदारी आशा, एएनएम व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की है। लक्षण से पीड़ित मरीजों की पहचान कर उन्हें स्वयं या सीएचसी व प्राथमिक पीएचसी भेजकर जांच की जाए। उन्होंने जन समुदाय से अपील की है कि मच्छरों से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें एवं सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। बुखार होने पर निकट के स्वास्थ्य केंद्र पर रक्त की जांच एवं उपचार कराएं। स्वयं से कोई दवा लेकर सेवन न करें।

# खरकड़ा में पीने के पानी को लेकर किया प्रदर्शन



हिसार। गांव खरकड़ा में वार्ड नंबर 11 व 12 के वाशिंदे पीने के पानी के गंभीर संकट के मद्देनजर प्रदर्शन करते हुए।

- समस्या का समाधान जल्द करवा दिया जाएगा : एसडीओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरवाला

नजदीकी गांव खरकड़ा में स्थित वार्ड नंबर 11 व 12 में पीने के पानी का गंभीर संकट बना हुआ है और पीने के पानी की त्राहि त्राहि मची हुई है। पीने के पानी के गंभीर संकट के मद्देनजर इन वाशिंदों ने सरकार व संबंधित विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया और इस प्रदर्शन में इन वाशिंदों ने सरकार व संबंधित विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यह प्रदर्शन वार्ड नंबर 11 के पंच कुलदीप सिंह के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शनकारियों पंच कुलदीप सिंह, सुमित्रा, नन्नी, अमरो व कबीर आदि ने बताया कि लगभग चार महीनो से वार्ड नंबर 11 व 12 में पीने के पानी की सप्लाई नहीं आ रही है। खेतों में से पानी ढोकर ढोकर घर के आवश्यक कार्य करने पड़ रहे हैं। गर्मी के दिनों मे भी कई-कई दिन नहाने के लिए और कपड़े धोने के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है और मैले कपड़े पहनकर गुजारा करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए सरपंच व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के समक्ष कई बार गुहार लगाई जा चुकी है परंतु इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा ह। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के सरपंच द्वारा तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत चरितार्थ की जा रही है। जब कोई शिकायतकर्ता गांव के सरपंच के पास जाता है तो उसको धमकाकर वापिस भेज दिया जाता है। रशासन से वार्ड नंबर 11 व 12 में पीने के पानी की सप्लाई सुचारु करवाए जाने की मांग की है ताकि कई महीनो से वाशिंदों को हो रहे पीने के पानी के गंभीर संकट से निजात मिल सके और साथ में इन वाशिंदों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दो-तीन दिनों में पीने के पानी की इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जलघर को ताला जड़ दिया जाएगा।

### क्या कहते हैं एसडीओ

*जब इस बारे जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ कुलदीप सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जेई को मौके पर जाने के लिए बोल दिया है। अगर बड़ा फाल्ट पाया गया तो वो खुद भी मौके पर जाएंगे। दो-तीन दिनों में इस समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा।*

# मुफ्त पानी देने की घोषणा से बर्बादी बढ़ी

- दिल्ली सहित दो तिहाई से अधिक जल ब्लाक डार्क जोन में : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



देश की राजधानी दिल्ली में गहराते जल संकट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय से वाटर हीरो, जल प्रहरी व जल रक्षक सम्मानों से अलंकृत जल स्टार रमेश गोयल ने कहा है कि देश के डे जीरो 21 शहरों की सूचि में दिल्ली के सम्मिलित होने के बावजूद दिल्ली की वर्तमान सरकार ने लोगों को मुफ्त पानी देने की घोषणा की जिसके कारण पानी की बर्बादी बढ़ी।

गोयल ने बताया कि मुफ्त पानी देने की घोषणा के समय भी उन्होंने अपनी आपत्ति सरकार को भेजी थी। डे जीरो यानि शीघ्र किसी दिन शून्य हो जाना। प्रदूषण बढ़ने व अंधाधुंध वृक्षों के कटान के कारण तापमान निरन्तर बढ़ रहा है जिसके कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है। प्रभाव स्वरूप या तो अति वर्षा होती है जो बाढ़ का रूप धारण करके विनाश करती है या कम वर्षा होती है जिससे नदियों में पानी कम होता है और भूजल दोहन बढ़ता है। दिल्ली सहित पूरे देश के दो तिहाई से अधिक जल ब्लाक डार्क जोन में जा चुके हैं। 2015 में लातुर, 2020 में चेन्नई व मार्च 2024 में बंगलौर की भयानक स्थिति के बावजूद मुफ्त पानी देकर दिल्ली सरकार स्वयं पानी की कमी को बढ़ावा दे रही है। एक तरफ तो दिल्ली सरकार हरियाणा पर पानी न देने का आरोप लगाती है और दूसरी तरफ मुफ्त में पानी बांटकर बर्बाद करती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली जल बोर्ड अनुसार नवम्बर 22 में 1150 लाख गैलन पानी प्रतिदिन मांग थी जबकि सप्लाई 935 लाख गैलन जिसमें 86 लाख गैलन भूजल सम्मिलित है। दिल्ली के अधिकतम हिस्सों में अति भूजल दोहन हो चुका है। दिल्ली की 34 में से केवल 3 तहसील सुरक्षित थी जबकि वर्षाजल भूमिगत करने का प्रयास नगण्य है। इसी कारण अधिकांश जल ब्लाक डार्क जोन में हैं। समय समय पर हरियाणा हिमाचल से यमुना जल के लिए विवाद सामान्य बात है जबकि दिल्ली पहुंचकर यमुना, नदी की बजाय गंदे नाले का रूप धारण करती है क्योंकि करोड़ों लीटर-सीवरेज पानी और औद्योगिक कचरा व कैमिकलयुक्त पानी यमुना में मिलता है जिससे यमुना जल दुषित है। अनेक सामाजिक संगठन यमुना सफाई कर रहे परन्तु नकारखाने में तुती की आवाज तुल्य है। उन्होंने बताया कि 1976-77 में 210931 मीटर वाले कनैक्शन व 28173 बिना मीटर वाले कनैक्शन थे जो 2002-03 में बढ़कर क्रमशः 1128000 व 330000 हो गए।

# खेत में पशुओं के लिए बनाए नोहरे में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

शेखपुरा से ढाणी कुंदनापुर रोड़ पर खेतों में बने एक नोहरे में सोमवार सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से नोहरे में रखी तुड़ी तथा गोबर के बिटोड़े जल कर राख हो गई। आग की इस घटना से नोहरे मालिक को हजारों रुपए का नुकसान हो गया। नोहरे में लगी आग को आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाए जाने पर फायर ब्रिगेड को नोहरे में आग लगने की सूचना दी गई सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया परंतु जब तक दमकल कर्मी आग पर काबू पाते तब तक नोहरे में रखी तुड़ी व गोबर के बिटोड़े जल कर राख हो चुके थे। गनीमत रही कि आगजनी की घटना के दौरान नोहरे में पशु नहीं बंधे हुए थे। अन्यथा नुकसान बड़ा हो सकता था। आगजनी की घटना के बारे में जानकारी देते हुए खेत मालिक ने बताया कि उसने अपने खेत में पशुओं के लिए तुड़ी तथा पशुओं के गोबर से बने उपलों को रखने के लिए नोहरा बनाया हुआ है। रात के समय नोहरे में ही अपने पशुओं को बांध देता हूं। सोमवार सुबह अपने पशुओं का दूध निकालने के लिए बाड़े से खोलकर घर ले आया था।

### जलघर में पानी भरने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग लगाएगा नहर में बंद

# शहर के दोनों जलघरों के वाटर टैंक अभी भी खाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



हिसार। ढाणी कुतुबपुर रोड़ पर बने जलघर का आधा के करीब भरा वाटर टैंक।

पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी में आया पानी सोमवार रात को बंद हो गया। नहर में केवल सात दिन पानी चलने से शहर के दोनों जलघरों के वाटर टैंकों में पानी पूरा नहीं भरा गया है। जनस्वास्थ्य विभाग अब ढाणी कुतुबपुर रोड़ स्थित जलघर के वाटर टैंकों में ज्यादा से ज्यादा पानी स्टोर करने के लिए नहर बंद होने के बाद नहर में बंद लगाएगा वहीं विभाग इस बार पेयजल समस्या से निपटने के लिए शुरू से ही पानी की राशनिंग करने का प्लान बना रहा है ताकि वाटर टैंकों में पानी बचा रहे और इस बार की तरह शहर में पानी के त्राहि-त्राहि ना मचे। बता दें कि पेयजल को लेकर बीते दो सप्ताह से शहर में हालात चिंताजनक बन रहे थे। हालांकि नहर में पानी आने के बाद हालात सुधरे हैं लेकिन नहर में पानी कम समय व कम होने के कारण वाटर टैंक अभी तक पूरे नहीं भरे जा सके हैं। नहर में पानी सोमवार रात को बंद हो गया। वाटर टैंक पूरे नहीं भरने की हालत में जनस्वास्थ्य विभाग इस बार शुरूआत में ही राशनिंग कर सकता है। इसके लिए अधिकारियों की तरफ से अभी से योजना बनाई जा रही है।

### प्रतिदिन होती है 90 लाख लीटर पानी की खपत

*गर्मी के मौसम में शहर में पानी की लागत बढ़ गई है। ऐसे में विभाग की ओर से प्रतिदिन पानी सप्लाई करना सबसे बड़ी चुनौती है। अधिकारियों के अनुसार शहर में हर रोज करीब 90 लाख लीटर पानी की खपत है।*

### ये बोले अधिकारी

*नहर से वाटर टैंक में पानी भर रहे हैं। नए जलघर के वाटर टैंक में पानी कम भरा गया है। इसके लिए हम सोमवार को नहर में बंद लगाकर नये जलघर के टैंक में ज्यादा पानी भरने का प्रयास करेंगे।*
*-विक्रम, जेई, जनस्वास्थ्य विभाग*

### अभी ये है स्थिति

नहर में पानी आने के सात दिन बाद पुराने जलघर के वाटर टैंकों में अभी तक केवल 80 प्रतिशत पानी ही भरा गया है। नए जलघर के वाटर टैंक में करीब 60 प्रतिशत पानी ही भरा गया है। ऐसे में जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से पांच ट्रैक्टरों पर बरमे लगाकर जलघर में पानी भरा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### ट्रेफिक पुलिस ने 97 वाहनों के काटे चालान

**सिरसा।** यातायात पुलिस ने सोमवार को तेज गति से वाहन चलाने व अचानक लेन बदल कर वाहन चालकों के मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालान किए गए। जिला यातायात थाना प्रभारी शमशेर सिंह ने बताया कि इस अभियान के दौरान लेन चेंज कर वाहन चलाने वाले करीब 97 वाहनों के चालान काटे गए। सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

### पेटी अवैध बीयर सहित आरोपी काबू

**सिरसा।** जिला की स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान वाल्मीकि चौक सिरसा क्षेत्र से गाड़ी सवार व्यक्ति को 14 पेटी अवैध बीयर सहित काबू किया है। स्पेशल स्टाफ प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति की पहचान शैलेंद्र पुत्र हवा सिंह निवासी रामपुरा बागड़िया जिला सिरसा के रुप में हुई है।

### बाबा बिहारी नेत्रालय का शुभारंभ 7 जुलाई को

**सिरसा।** बाबा बिहारी नेत्रालय का शुभारंभ आगामी 7 जुलाई को आंखों के निःशुल्क कैंप के साथ किया जा रहा है। श्री युवक साहित्य सदन में बाबा बिहारी नेत्रालय सोसायटी की आम सभा की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सोसायटी के चेयरमैन प्रवीण बागला ने की। सचिव शेखर महीपाल ने बताया कि जनता भवन रोड पर श्याम बगीची के सामने इस नेत्र अस्पताल का भवन तैयार हो चुका है और उपकरणों की स्थापना का कार्य प्रगति पर है।

### दस लोग 10 लाख की जुआ राशि सहित काबू

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने रानियां रोड क्षेत्र में स्थित होटल रेड जॉन में जुआ खेल रहे 10 लोगों को काबू कर उनके कब्जे से करीब 10 लाख 40 हजार रुपयों की जूआ राशि व ताश सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान शहर सिरसा में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली शहर के होटल रेड जॉन में कुछ लोगों द्वारा बड़े स्तर पर जुआ खेला जा रहा है।

### पीर मंदिर में वार्षिक शुभ दीवान व भंडारा 20 को

**सिरसा।** रानियां रोड पर स्थित सब्जी मंडी के नजदीक पीर मंदिर में 20 जून शाम 7 बजे बाबा मीरा साहिब मलेरकोटला वाले व बाबा सखी सुल्तान लखदाता लालां वाले पीर साहिब का 38वां वार्षिक शुभ दीवान व भंडारा आयोजित किया जाएगा। पीर मंदिर कमेटी सिरसा के प्रधान अशोक बंसल ने बताया कि 20 जून शाम 7 बजे पीर साहिब के शुभ दीवान में बाबा रूलदूराम मलोट वाले चिराग रोशन करेंगे।

### चोरी करने दो आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

**ओढां।** पुलिस ने गांव खाई शेरगढ़ में हुई चोरी की वारदात को सुलझाते हुए दो आरोपियों को काबू करके उनके कब्जे से चोरीशुदा मोबाइल व नगदी बरामद कर ली है। आरोपियों की पहचान आकाशदीप उर्फ फिंडा पुत्र बलराज सिंह व धर्मप्रीत उर्फ धोना पुत्र जगतार सिंह निवासी भड़ोलियावाली के रुप में हुई है।

### नशे से दूर रहकर शिक्षा व खेलकूद में प्रदर्शन के प्रति किया जागरूक

# नशे की जड़ खत्म करने के लिए आंदोलन जरूरी : एसपी

**जिला पुलिस ने क्रिकेट बास्केटबॉल तथा कबड्डी की टीमों का गठन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने कहा कि युवा राष्ट्र की धरोहर है, इसलिए नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अपने मां-बाप के सपनों को साकार करें तथा अपने इलाके का नाम रोशन करें। उक्त विचार पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने ऐलनाबाद थाना के गांव मिर्जापुर थेहड़ में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचने के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए वालीबॉल, क्रिकेट बास्केटबॉल तथा कबड्डी की टीमों का गठन किया है और गांव-गांव जाकर युवाओं के साथ खेल गतिविधियों में शामिल होकर उन्हें नशा मुक्ति का संदेश दिया।



**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीणों व खिलाड़ियों को शपथ दिलाते हुए।

### ग्रामीणों को नशे न करने की शपथ दिलाई

पुलिस अधीक्षक ने गांव के स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन पर उपस्थित खिलाड़ियों तथा ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित युवाओं तथा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर किसी गलत संगत का शिकार होकर कोई युवा नशे के दलदल में फंस गया है, तो इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें, ताकि स्थानीय प्रशासन से उसका इलाज करवा कर उसे फिर से समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती है और इस चुनौती से निपटने के लिए सभी लोगों को आगे जाकर अहम जिम्मेदारी निभानी होगी ताकि समाज को पूरी तरह से नशा एवं अपराध मुक्त किया जा सके। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपनी गली, मोहल्ले तथा गांव की पूरी जिम्मेदारी लेगा तो निश्चित रूप से समाज नशा मुक्त होगा। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अपने स्तर पर जहां नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाए हुए हैं, वहीं आम जनता तथा युवाओं को जागरूक करने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर डीएसपी ऐलनाबाद संजीव बल्हारा, ऐलनाबाद थाना प्रभारी संदीप कुमार तथा आसपास के गांवो से आए हुए अनेक ग्रामीण तथा युवा मौजूद रहे।

# सुपर सकर मशीन उपलब्ध करवाने के लिए प्रधान ने एसई को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मानसून आने में कुछ ही समय बाकी रह गया है और जनस्वास्थ्य विभाग ने पानी निकासी को लेकर सीवर पाइप लाइनों की सफाई शुरू नहीं की है। वजह ये है कि जनस्वास्थ्य विभाग के पास सीवर पाइपों की सफाई के लिए स्थाई रूप से सुपर सकर मशीन नहीं है। नगर परिषद प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची ने इसको लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के एसई को पत्र लिखा है।एसई को लिखे गए पत्र में नगर परिषद प्रधान ने कहा है कि फतेहाबाद शहर काफी बढ़ चुका है और जबकि यहां पर सीवरेज पाइप लाइनों की सफाई के लिए खुद की मशीन नहीं है। सीवरेज ब्लॉक होने पर सिरसा से मशीन मंगवाई जाती है, इसलिए जनस्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद के लिए स्थाई रूप से मशीन उपलब्ध करवाएं ताकि सीवर पाइप लाइनों की समय पर सफाई हो सकें। मानसून को देखते हुए शहर में सीवरेज पाइप लाइनों की सफाई भी जल्द करवाई जाए ताकि जलभराव न हो सकें। प्रधान ने एसई को लिखे पत्र में कहा है कि शहर के अशोक नगर, मॉडल टाउन, शिव चौक, नहर कॉलोनी, एमसी कॉलोनी आदि क्षेत्रों में सीवरेज बंद होने की समस्या रहती है। इसको लेकर उनके पास शिकायतें आती है। अगर जनस्वास्थ्य विभाग के पास सकर मशीन हो तो बंद सीवरेज को जल्द खोला जा सकता है। प्रधान ने एसई को ये भी कहा है कि कई क्षेत्रों में पानी की समस्या आ रही है। इसका समाधान करवाया जाए। पानी सप्लाई का पार्षदों के साथ मीटिंग करके शेड्यूल जारी किया जाए।



नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिंची

# भाजपा की सरकार बनाने में जुटें कार्यकर्ता : आर्य

- विधानसभा चुनावों को लेकर जिला प्रभारी ने ली पदाधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देजनर बीजेपी जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश सचिव एवं फतेहाबाद के जिला प्रभारी सुरेन्द आर्य ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने की। इस अवसर पर विशेष रूप से रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा भी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव सुरेन्द्र आर्य ने कहा कि विधानसभा चुनाव बहुत ही नजदीक हैं। सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारियों में जुट जाएं। कार्यकर्ता बूथ स्तर पर हरियाणा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व नीतियों का प्रचार प्रसार करें। कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर रोजाना अधिक से अधिक समय अवश्य दें। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर कड़ी मेहनत करनी है और प्रदेश में तीसरी बार सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनानी है। जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा ने कहा कि 18 जून को किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशभर के किसानों के खातों में सम्मान निधि की राशि डालेंगे।

### सर्वसम्मति से हुआ कार्यकारिणी का गठन

**सिरसा।** श्री नीलकंठ समाजसेवा ट्रस्ट की एक बैठक अध्यक्ष अशोक सलूजा की अध्यक्षता में हुई जिसमें उन्होंने प्रधान पद की जिम्मेदारी निर्वहन करने में असमर्थता जताने पर सर्वसम्मति से राजेश फुटेला को प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी। जनता भवन रोड स्थित राजेश फुटेला के कार्यालय में हुई बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें वीना मुंजाल व अशोक सलूजा को सरंक्षक, जनक दाबड़ा को सचिव, शुभकरण रातुसरिया को कोषाध्यक्ष, लोकेश कुमार लक्की को उप प्रधान, राजेंद्र चावला को सह कोषाध्यक्ष, मंगतराय मुंजाल को लंगर प्रधान नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त काली बाबा, संजय कुमार सलूजा, केशव मुंजाल कार्यकारिणी सदस्य रहेंगे।

# ऑल इंडिया मजहबी सिख वेलफेयर एसोसिएशन की विशेष मीटिंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के गांव डबवाली में स्थित अमर शहीद बाबा जीवन सिंह गुरुद्वारा साहिब के परिसर में ऑल इंडिया मजहबी सिख वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में मुख्य एजेंडा अपने समाज को जागरूक करने के लिए गतिविधियों का गतिमय करना एवं समाज के हर व्यक्ति तक पहुंच करना था, इसमें बड़ी संख्या में उपस्थित जागरूक सहभागियों ने अपने विचार प्रकट किए। बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया की एसोसिएशन के संविधान अनुसार केंद्रीय कमेटी का पुनर्गठन किया जाना चाहिए, ताकि और अधिक युवा एवं ऊर्जावान लोगों को जिम्मेदारी सौंपी जाए। इसके लिए मा. बलविंदर सिंह थेड़ी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें गुरचरण सिंह जिला परिषद सदस्य, हरदीप सिंह नाहर, इकबाल सिंह अलीकां, हरभजन सिंह खैरपुर को शामिल किया गया। वैकल्पिक व्यवस्था तक वर्तमान पदाधिकारी अपने पद एवं स्थान पर बने रहेंगे और गठित कमेटी की सलाह पर ही कार्य करेंगे। कार्यवाही की व्यवस्था जगपाल सिंह डबवाली ने की। मीटिंग में सविंदर सिंह सिरसा राष्ट्रीय संयोजक सिरसा, सोनी सिंह रंगरेटा राष्ट्रीय संयोजक योजना, चरनजीत सिंह भट्टी प्रदेशाध्यक्ष, ज्ञानी हाकम सिंह धर्म प्रचारक, ज्ञानी अमरजीत सिंह खालसा, हैप्पी सिंह रंगरेटा, मा. जसवंत सिंह, भोला सिंह मसीतां, जसदेव सिंह देसुमलकाना, मनप्रीत सिंह सामाजिक मुद्दे, रिंकू सिंह शिवनगर सहित अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद थे।



**सिरसा।** बैठक में भाग लेते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

# पूर्व चेयरमैन ने किया रास्तों का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल के पूर्व चेयरमैन आदित्य देवीलाल ने डबवाली क्षेत्र के गांवों में ईंट खड़वंजा रास्तों के उद्घाटन किए। आदित्य देवीलाल ने गांव पाना में 42 लाख 8 हजार की लागत से श्मशान भूमि से लेकर गुरदीप सिंह की ढाणी तक रास्ते का, गांव पन्नीवाला मोरेका में 27 लाख 48 हजार की लागत से जोगेवाला रोड से जगमीत सिंह मेंबर ढाणी तक, गांव पन्नीवाला रुलदू में 19 लाख 39 रुपए बी.सी. चौपाल से लेकर बलविंद्र सिंह की ढाणी तक, गांव फूलों में 26 लाख 26 हजार की लागत से मिडल स्कूल से पाल सिंह की ढाणी तक, गांव हैबुआना में 66 लाख 25 हजार की लागत से, बस स्टैंड से काका बाबा समाध तक, वाटर वर्क्स से भगवान सिंह की ढाणी तक रास्ते का उद्घाटन किया। आदित्य देवीलाल के प्रयासों से अब तक डबवाली विधानसभा क्षेत्र में 114 किलोमीटर ढाणियों के कच्चे रास्तों को पक्का किया जा चुका है। इसी तरह से बुजुर्गों का स्वास्थ्य खराब होने की सूरत में कच्चे रास्तों के जरिए शहर पहुंचना भी कठिन था। अब बच्चे आरामदायक सफर के साथ स्कूल में जाते हैं तो किसानों को ढाणियों से अपनी फसल मंडी तक ले जाने में सुविधा हो गई है।



**सिरसा।** रास्तों का उद्घाटन करते पूर्व चेयरमैन आदित्य देवीलाल।

# एक सप्ताह में खड़ा होगा जेजेपी का संगठन: दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक जनता पार्टी के पूर्व प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी जल्द प्रदेश में अपना मजबूत संगठन तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक सप्ताह के अंदर कार्यकारिणी का गठन कर लिया जाएगा। यह संगठन प्रदेश की भविष्य की लड़ाई लड़ने में पूर्ण रूप से सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि संगठन को प्रभावी बनाने के लिए निष्ठावान व मेहनती कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा। दिग्विजय सोमवार को अपने आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के विरोध के चलते हरियाणा में जननायक जनता पार्टी को नुकसान पहुंचा है यही कारण रहा है कि इन चुनावों में भाजपा के साथ- साथ जननायक जनता पार्टी को भी विरोध झेलना पड़ा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए जेजेपी पूरी तरह से तैयार है और जेजेपी नेता व कार्यकर्ता प्रदेशस्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे। चौटाला ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी के पक्ष और मोदी के खिलाफ मतदाताओं ने वोट डाले थे लेकिन विधानसभा में स्थिति अलग होगी और मतदाता क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर अपने मत कर प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि जेजेपी लोकसभा चुनावी नतीजों का आकंलन कर रही है और चुनाव में कमियां रही है उन्हें दुरुस्त किया जाएगा।

# 75 दिवसीय महिला प्रशिक्षण कार्यशाला आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

ओढां में हस्तकौशल कढ़ाई नाबार्ड एक्सपर्ट स्किल डेवलपमेंट ने 75 दिवसीय महिला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन आयोजित किया गया। अध्यक्षता के लिए नाबार्ड एवं एक्सपर्ट स्किल डेवलपमेंट से पहुंचे एलडीएम संजीव कुमार, डीडीएम स्वर्णदीप सिंह, ओढां सरपंच संदीप सिंह, डब्ल्यूएसएसओ राकेश सोगलान एवं निर्देशक एक्सपर्ट टीम विनीत छाबड़ा, रोहताश गोयल, रोशन कंबोज, संजीव कुमार, प्रियंका ने शिरकत की। इसी बीच ओढां सेंट्रल सोनिया को 75 दिवसीय नाबार्ड व एक्सपर्ट स्किल डेवलपमेंट की टीम ने 30 लाभार्थियों का हस्तकौशल एवं कढ़ाई में दाखिला करवाने हेतु पूरी टीम ने आभार व्यक्त किया।एक्सपर्ट स्किल डेवलपमेंट निर्देशक विनीत छाबड़ा ने शिक्षार्थी महिलाओं को सिलाई कढ़ाई एवं बुनाई हेतु कुछ सवाल जवाब किया जिसमें से कुछ महिलाओं ने सर्वप्रथम मंच पर आकर पर सही उत्तर दिए और नाबार्ड एवं एक्सपर्ट स्किल डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से उपहार सहित कशीदा डिजाइनिंग मार्गदर्शका पुस्तिका गांव ओढां के सरपंच संदीप सिंह के द्वारा महिलाओं को सौपी गई आगे निर्देशक एक्सपर्ट टीम विनीत छाबड़ा द्वारा आई हुई में महिलाओं से रूबरू होते हुए कहां की प्रिय शिक्षार्थी भारतीय कढ़ाई का सौन्दर्य समय के साथ विकसित हुआ है। भारत में कढ़ाई की कला एक सांस्कृतिक एवं सामाजिक विशिष्टता की परिचायक है।

### कढ़ाई कला के बारे में बताया

प्रत्येक राज्य की अपनी विशिष्ट और अनोखी शैली, जटिल नमूने और आकर्षक रंग, भारत की पारंपरिक कढ़ाई कला को विश्व विख्यात बनाते हैं। एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आप अपनी कल्पना और रचनात्मकता का प्रदर्शन सुंदर कढ़ाई किए गए वस्त्रों के माध्यम से कर सकते हैं। कढ़ाई की कला को हस्त कौशल के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। कढ़ाई में वस्त्र को सुई और धागे की सहायता से अलंकृत किया जाता है। यह वस्त्र की सजावट की वर्षों पुरानी विधि है। विश्व भर में वस्त्रों तथा घर की सजावट की वस्तुओं पर कढ़ाई की कला देखी जा सकती है।

# श्री राधे कृष्ण चैरिटेबल ट्रस्ट चलाएगा जल बचाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

विकट होती पेयजल समस्या को देखते हुए लोगों में जागरूकता लाना अति आवश्यक है, अन्यथा लोगों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। गंभीर होती समस्या को देखते हुए श्री राधे कृष्ण चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से जल बचाओ अभियान चलाया जाएगा। ट्रस्ट की प्रधान माया चोयल व बलजिंद्र जोसन ने बताया कि इस अभियान में पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, जस्टिस जरनैल सिंह, जस्टिस पवन कुमार, डीजीपी बी एस संधू, पूर्व आईपीएस वी कामराज, डीएसपी साधु राम भी अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर जागरूक करने के साथ-साथ सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से दक्षिण अफ्रीका की राजधानी कैपटाऊन में वहां की सरकार ने पेयजल उपलब्ध करवाने में असमर्थता जाहिर कर दी है, जिससे वहां के लोगों में पानी का लेकर हाहाकार मच गया है। लोग पानी के लिए लाइनों में खड़े हैं, लेकिन बावजूद इसके उन्हें पानी नसीब नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि ये तो छोटे शहर हैं, जबकि भारत की जनसंख्या तो काफी अधिक है। ऐसे में लोगों को समय रहते समस्या को गंभीरता से लेना होगा, ताकि दक्षिण अफ्रीका जैसी स्थिति पैदा न होने पाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारें पानी का दुरुपयोग कम हो, इसके लिए कड़े प्रतिबंध लेकर आएं, ताकि लोगों में थोड़ा भय हो।

### हरियाणा बाजीगर समाज कल्याण संघ की हुई बैठक

# बंजारा जयंती बड़े स्तर पर मनाने का लिया निर्णय

- बाजीगर समाज के विकास व उत्थान के बारे में चर्चा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हरियाणा बाजीगर समाज कल्याण संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पूर्व सरपंच बूटा सिंह बाजीगर ने की। बैठक में बाजीगर समाज के विकास व उत्थान के बारे मे चर्चा हुई और मुख्य तौर पर बाबा लखी शाह बंजारा की जयंती को मनाने के लिए सार्थक चर्चा की। पूर्व सरपंच बूटा सिंह बाजीगर ने कहा कि आने वाली 4 जुलाई को सिरसा मे बड़े धूमधाम से बाबा लखी शाह बंजारा की जयंती बड़े स्तर पर मनाई जाएगी। इसको लेकर बाजीगर समाज व सिख समाज मे बहुत जोश व उत्साह है जिससे कि बाजीगर बंजारा बादी गौर ग्वारिया एक छत व एक बैनर नीचे इकट्ठा होता है। इस जयंती मे आकर बाबा लखि शाह बंजारा के जीवन व बलिदान के महत्व को हम सभी लोग एक जयंती व उनको याद के रूप मे मनाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर मौजूद गणमान्य लोगों ने अपने अपने विचार दिए। इस बैठक में सरपंच सर्वमित्र बाजीगर, प्रदीप कुमार सलारपुर, दखन सिंह बाजीगर, वरिष्ठ नेता हंसराज रानियां, कश्मीर सिंह, मुख्त्यार, दडबी शिंगारा, सोनू सुखजीत, सरपंच सुखविंद्र रंगड़ी, चिमन बाजीगर, खालसा बाबा हरदेव सिंह म्यान, कुलवंत, बलदेव, बिल्लू कनोत, बब्बू एडवोकेट, गुरचरण सरपंच, कश्मीर सिंह, ब्लकार मशाल, प्रकाश मशाल बालासर, हरबंस सलारपुर, गुरप्रीत सलारपुर, सुलखन धनुर, जोधा धनुर, गुरदेव दड़बी, संदीप बलजोत खेरेकां, सरपंच प्यारा बब्बू, बिंद्र रानियां चुंगी, बाबा बंसी व अन्य लोग मौजूद थे।



**सिरसा।** बैठक में भाग लेते बाजीगर समाज के गणमान्य लोग।

# कानून व्यवस्था का निकला जनाजा डर जीने को मजबूर लोग : सिवाच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर में कानून व्यवस्था का जनाजा निकला हुआ है। पिछले कुछ दिनों से आपराधिक घटनाओं में अचानक वृद्धि हुई है, सरेआम गोलियां चल रही है और प्रशासन नकारा साबित हो रहा है। आज लोग दहशत के माहौल में जी रहे हैं, प्रशासन को पता नहीं किसके दबाव में काम नहीं करने दिया जा रहा। फतेहाबाद में जघन्य तरीके से की गई हत्या ने एक बार फिर इस बात को साबित कर दिया है कि प्रदेश में कानून का शासन ना होकर चारों तरफ अपराध और अपराधियों का बोलबाला है। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. विरेन्द्र सिवाच ने हाल ही में शहर में हुई आपराधिक घटनाओं पर शासन-प्रशासन को घेरते हुए कही। कांग्रेस नेता डा. वीरेंद्र सिवाच ने भाजपा सरकार में ना जनता के चुने हुए नुमाइंदे सुरक्षित हैं और ना पुलिस अफसर, ऐसे में आम आदमी की हालत क्या होगी यह बेहद चिंता का विषय है। डॉ. सिवाच ने कहा कि आज अराजकता का माहौल है और सरकार हर फ्रंट पर नकारा साबित हो रही है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, बेरोजगारी की समस्या है, भ्रष्टाचार चरम पर है। हर ओर नकारात्मकता फैली हुई है। 2 वर्ष पूर्व आई बाढ़ से भूना में सैकड़ों घर नष्ट हो गए थे। घरों में पानी घुस गया था और दुकानों में करोड़ों का सामान खराब हो गया था लेकिन आज तक को मुआवजा नहीं दिया गया।



डॉ. विरेन्द्र सिवाच

### ईद पर नमाजियों ने की अमन की दुआ

**सिरसा।** जिला भर में सोमवार को ईद-उल-जुहा (बकरीद) का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। रानियां रोड स्थित ईदगाह में नमाज अता कर अमन की दुआ की। लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। रानियां रोड स्थित ईदगाह में मुख्य रूप से नमाज अता की गई। जहां पर हजारों नमाजी जुटे। मौलाना सुलेमान ने ईद की नमाज अता करवाई और सभी को मुबारकबाद दी। नमाजियों ने अल्लाह से सबका भले के लिए दुआ की। इस अवसर पर मौलाना सुलेमान ने कहा कि कुर्बानी के इस त्यौहार पर मुस्लिमों से वे गुजारिश करते हैं कि अल्लाह के सामने वे देश में अमन शांति कायम रखने के लिए दुआएं करें। बाद में सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## खबर संक्षेप

### पड़ोस के घर में घुसा शराबी महिला से की छेड़छाड़

**फतेहाबाद।** टोहाना में एक शराबी युवक पड़ोस के घर में घुस गया और वहां महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट कर दी। राजनगर, टोहाना निवासी महिला ने कहा है कि गत दोपहर को वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसका पड़ोसी बिट्टू शराब के नशे में धुत्त होकर उसके मकान में घुस आया और उसके परिवार वालों के बारे में पूछा। इसके बाद उसने बुरी नीयत से उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद वह भागकर पड़ोसी के घर में चली गई।

### आर्मी अफसर बनकर टोहाना के युवक से ठगी

**फतेहाबाद।** गांव भीमेवाला निवासी बिन्टू ने कहा है कि उसके इन्स्टाग्राम पर एक मैसेज आया जिसमें बताया कि आप आइफोन खरीदना चाहे तो उसके पास व्हाटसअप मैसेज करे। उसने बताए गए नंबर पर मैसेज कर दिया। उसके बाद उक्त व्यक्ति के साथ उसकी बातचीत शुरू हो गई और उसने अपना नाम शेष कुमार मालवी बताया और कहा कि वह आर्मी आफिसर है। वह उसके खाते में पैसे ट्रांसफर कर दें, वह आई फोन उसे पोस्ट ऑफिस के जरिये भेज देगा।उसने बताए गए खाते में 29 हजार ट्रांसफर कर दिए।

### सांसद के कार्यक्रम में वकील का पर्स चोरी

**फतेहाबाद।** सांसद कुमारी सैलजा के धन्यवाद कार्यक्रम में भाग लेने आए एक वकील की जेब से अज्ञात चोर ने पर्स चोरी कर लिया। पर्स में हजारों की नकदी थी। इस बारे पीड़ित वकील ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। गांव भोड़ियाखेड़ा निवासी इन्द्र सिंह सिहाग एडवोकेट ने कहा है कि गत दिवस वह भूना रोड स्थित 5 एकड़ पैलेस में सांसद कुमारी सैलजा के धन्यवाद कार्यक्रम में भाग लेने गया था। कार्यक्रम में काफी भीड़ थी और वह भी उस भीड़ में खड़ा था। इसी दौरान अज्ञात युवक ने उसकी जेब काट ली।

### जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आज देंगे धरना

**फतेहाबाद।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद के कार्यकारी अभियंता के कर्मचारियों की मांगों के प्रति अपना जा रहे रवैये से निराश जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा 18 जून को कर्मचारियों द्वारा अधिकारी के कार्यालय पर एक दिवसीय धरना देकर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन सम्बंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ ब्रांच प्रधान सुभाष गुज्जर ने बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाजायज हथियार रखने के आरोप में पुलिस ने टोहाना से एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए पुलिस की टीम एएसआई सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान गश्त के दौरान टोहाना-हिसार रोड पर चौक के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि सुनील खोबड़ा उर्फ सीना निवासी रविदास मोहल्ला टोहाना नामक युवक टाऊन पार्क टोहाना के सामने साधन के इंतजार में खड़ा है और उसके पास नाजायज असला है। इस सूचना पर पुलिस टीम जब मौके पर पहुंच तो वहां टाऊन पार्क के सामने एक युवक खड़ा दिखाई दिया।

### मुफ्त स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर 23 जून को

**रतिया।** पंजाबी सभा रतिया के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ. जीडी मेहता की पावन स्मृति में 23 जून रविवार को पंजाबी सभा रतिया द्वारा स्थानीय भोजाराम वढेरा धर्मशाला में एक निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए पंजाबी सभा के अध्यक्ष सतीश हांडा ने बताया कि इस कैम्प में सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार के डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों का चेकअप किया जाएगा।

## मेरा पानी-मेरी विरासत योजना बंद, डीसीआर को भी नहीं दी तवज्जो

# जिले में धान की रोपाई का काम शुरू, इस बार बढ़ेगा रकबा

### कृषि विभाग ने 15 जून तक धान की रोपाई पर लगाया हुआ था प्रतिबंध

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** खेत में की गई धान की रोपाई।

जिले में धान की रोपाई का काम शुरू हो गया है। कृषि विभाग ने 15 जून तक धान की रोपाई पर प्रतिबंध लगाया हुआ था। धान की बिजाई के लिए विद्युत निगम ने कृषि फीडरों पर बिजली की सप्लाई 7 घंटे से बढ़ाकर 8 घंटे कर दी है। पिछले साल जिले में 1 लाख 39 हजार 848 हैक्टेयर भूमि पर धान की रोपाई हुई थी। पानी की किल्लत को देखते हुए कृषि विभाग ने 15 जून तक धान की रोपाई पर प्रतिबंध लगा रखा था।

19 जून से प्री मानसून की बरसात के मद्देनजर किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है। जिले में गिरते भूजल स्तर को देखते हुए कृषि विभाग ने पिछले कई वर्षों से धान के रकबे को कम करने के लिए काफी प्रयास किए थे। इसके लिए विभाग ने मेरा पानी-मेरी विरासत नामक योजना चलाई थी, जिसके तहत धान के बदले अन्य वैकल्पिक फसलें दाल, मूंग, मक्का, तिल, उड़द, सब्जी, चारा आदि को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 7 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी गई थी। इस साल प्रदेश सरकार ने मेरा पानी-मेरी विरासत योजना को बंद कर दिया है। इस बात की पुष्टि कृषि विभाग के अधिकारी भी करते हैं। इसके अलावा पानी की बचत के लिए विभाग ने धान की रोपाई न करके सीधी बिजाई (डीएसआर) की योजना भी चलाई थी। बीते वर्ष विभाग के पास डीएसआर के तहत 25 हजार हैक्टेयर का लक्ष्य था। इसके लिए प्रति एकड़ किसानों को 4 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जानी थी। बीते वर्ष किसानों ने मात्र 14 हजार हैक्टेयर में ही सीधी बिजाई की यानि कृषि विभाग को यहां भी सफलता नहीं मिली। इसकी बिजाई 15 जून तक ही होनी होती है। यह समय जा चुका है। इस साल यह योजना भी शुरू नहीं हो पाई। बता दें कि इस बार नरमे की बिजाई 10 हजार हैक्टेयर में कम हुई है यानि कि धान का रकबा बढ़ेगा और भूमिगत जलदोहन भी ज्यादा होगा। अभी तक तापमान सामान्य से 5 से 6 डिग्री ज्यादा चल रहा है। बीते 15 दिनों से अधिकतम तापमान 45 से ज्यादा व न्यूनतम तापमान 30 डिग्री के आसपास बना हुआ है। सोमवार को तापमान कम होकर 47 डिग्री सेल्सियस रह गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 19 जून से पूर्व दिशा से हवाएं चलेंगी। हवा का रूख बदलता है तो प्री मानसून की बरसात हो सकती है। बीते वर्ष जून माह के आरंभ में ही प्री मानसून की बरसात हो गई थी, जिससे धान की रोपाई में कोई दिक्कत नहीं आई थी।

#### धान के लिए लेबर की किल्लत

धान की रोपाई का सीजन शुरू होते ही किसानों को धान रोपाई के लिए लेबर की किल्लत आनी शुरू हो गई है। धान रोपाई के लिए यहां के किसान प्रवासी मजदूरों पर निर्भर है। ऐसे में इस बार धान रोपाई के रेट भी बढ़ने की पूरी आशंका है। इस बार प्रति एकड़ धान की रोपाई का रेट 3500 से 4 हजार रुपये प्रति एकड़ तक पहुंच गया है।

#### कृषि फीडरों पर आज से 8 घंटे मिलेगी बिजली

**फतेहाबाद।** धान के सीजन को देखते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने कृषि क्षेत्र के लिए एग्रीकल्चर फीडरों पर बिजली की सप्लाई 7 घंटे से बढ़ाकर 8 घंटे कर दी है। इस बारे डीएचबीवीएन हिसार के अधीक्षण अभियंता सिस्टम ऑपरेशन ने प्रदेश के सभी एसई को पत्र लिखकर अवगत करवाया है। एसई ने 14 जून को लिखे पत्र में बताया है कि पूर्व यह सप्लाई 7 घंटे दी जा रही थी, जिसे बढ़ाकर अब 8 घंटे कर दिया गया है। निगम ने इसके लिए 3 ग्रुप बनाए हैं। ग्रुप ए में रात 10 से सुबह 6 बजे तक, ग्रुप बी में सुबह 4 बजे दोपहर 12 बजे तक, ग्रुप सी में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक दी जाएगी। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू बिजली को लेकर भी 3 ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप ए में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक व शाम साढ़े 4 बजे से रात साढ़े 9 बजे तब, ग्रुप बी में रात 12 बजे से साढ़े 3 बजे तक व शाम 7 बजे से रात्रि साढ़े 11 बजे तक व ग्रुप सी में शाम 7 बजे से रात 12 बजे तक व सुबह साढ़े 10 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक बिजली सप्लाई की जाएगी।

## रोडवेज व निजी बस चालकों में टाइम को लेकर विवाद


**जाखल।** कुलां में विवाद को लेकर एकत्रित हुए लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

- यात्रियों को भुगतना पड़ा बस लेट होने का खामियाजा

कुलां में टोहाना रोड पर बस स्टैंड पर सोमवार सुबह हरियाणा रोडवेज और निजी बस के चालक परिचालकों में टाइम को लेकर विवाद हो गया। इससे करीब 15 से 20 मिनट तक बस स्टैंड पर दोनों पक्षों में तू-तू, मैं-मै और गाली गलौच होती रही। उसके बाद लोगों ने बीच-बचाव कर समझाने के बाद मामला शांत हुआ। बस लेट होने का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ा। विभिन्न कायारें, नौकरी पेशा या पढ़ने जाने वालों को पहुंचने में देरी हुई। उल्लेखनीय है कि बस टाइम टेबल को लेकर विभिन्न रूटों पर भी ऐसे मामले आएं दिन देखने को मिलते हैं। बताया गया हैं कि सोमवार सुबह टोहाना की ओर जाने के लिए निजी शर्मा नामक बस सोमवार सुबह अपने निर्धारित समय सुबह 9.25 बजे कुलां पहुंची। बस में यात्री सवार होने ही लगे थे कि उसी दौरान उसके पीछे हरियाणा रोडवेज की बस भी आ पहुंची। आरोप हैं कि रोडवेज बस का कुलां पहुंचने का निर्धारित समय 9.32 का हैं। रोडवेज बस के समय से पहले कुलां पहुंचने को लेकर शर्मा बस सर्विस के ऑपरेटरों ने रोडवेज बस को घेर लिया। इसे लेकर रोडवेज चालक और शर्मा बस सर्विस के सदस्यों में झगड़ा हो गया, बात हाथापाई तक पहुंचती, इतने में वहां पहुंचें लोगों ने दोनों पक्षों में बीच बचाव किया। शर्मा बस सर्विस के चालक ने कहा कि विभागीय स्तर पर तय शेड्यूल का उल्लंघन कर रोडवेज चालक द्वारा समय से पहले उनके साथ ही बस लाई गई है। इससे निजी बस को यात्रियों की कमी पड़ जाती है। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान होता हैं। दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद से कुलां चौक में जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। इसके बाद लोगों द्वारा दोनों पक्षों को समझाते हुए भविष्य में समय का ध्यान रखने की बात कहीं गई।

## बेटे की हत्या का आरोपी पिता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** बेटे के हत्यारोपी पिता को अदालत में पेश करने ले जाते पुलिस कर्मचारी।

जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव कन्हड़ी में अपने 16 वर्षीय बेटे की बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी दलबीर सिंह के कब्जे से वारदात में प्रयोग किया गया लकड़ी का सेरूआ भी बरामद कर लिया है। पुलिस द्वारा सोमवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से हिसार जेल भेज दिया है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में कन्हड़ी गांव निवासी माया देवी ने बताया कि उसका पति दलबीर सिंह शराब पीने का आदी है। इसी बात को लेकर घर में अक्सर क्लेश रहता है। शनिवार शाम को दलबीर सिंह और उनके बेटे 16 वर्षीय सचिन के बीच कहासुनी हो गई थी। इसके बाद उसने बीच बचाव करते हुए खाना खिला कर दोनों को सुला दिया था। रात करीब 3 बजे उसके पति ने उसे उठाकर बताया कि उसने सचिन को मार डाला है। वह उठी तो पता चला कि सचिन के सिर पर चारपाई के पाये से कई बार किए गए। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। वे बेटे को तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन वहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने किशोर की मां की शिकायत पर धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आज आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## अनाज मंडी बूथ पर जीत से कुमारी सैलजा ने श्याम सुंदर बंसल की पीठ थपथपाई

- कार्यकर्ताओं की बदौलत चुनावों में कांग्रेस का शानदार प्रदर्शन रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** कुमारी सैलजा का स्वागत करते अग्रवाल समाज के युवा नेता श्यामसुंदर बंसल।

हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनावों में सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवारी कुमारी सैलजा को फतेहाबाद शहर में रिकार्ड बढ़त हासिल हुई। खासकर अनाज मण्डी के बूथ नं. 45 पर कुमारी सैलजा को व्यापारियों ने भी खुलकर अपना समर्थन दिया। गत दिवस फतेहाबाद पहुंचे नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने इस बूथ का जिम्मा संभाल रहे युवा कांग्रेस नेता श्याम सुंदर बंसल की पीठ थपथपाई और उनके द्वारा की गई कड़ी मेहनत पर उनका हौंसला बढ़ाया। सैलजा ने कहा कि इन ऐसे मेहनती कार्यकर्ताओं की बदौलत लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का शानदार प्रदर्शन रहा है। कार्यकर्ता विधानसभा चुनावों में इसी जोश के साथ काम करे। विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस मेहनती कार्यकर्ताओं की बदौलत हरियाणा में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। धन्यवाद कार्यक्रम में पहुंची कुमारी सैलजा का अग्रवाल समाज के युवा नेता श्याम सुंदर बंसल ने अपने साथियों सहित जोरदार स्वागत किया। श्याम सुंदर बंसल ने कहा कि लोकसभा चुनावों में शहरी माहौल पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में था। भाजपा की नीतियों से परेशान अनाज मण्डी के व्यापारियों ने भी खुलकर कांग्रेस का साथ दिया, यही कारण रहा कि यहां से कांग्रेस उम्मीदवार बढ़त हासिल करने में कामयाब रही।

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने 25 जून तक का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने प्रदेश सरकार को उनकी मांगों का समाधान करने के लिए 25 जून तक का अल्टीमेटम दिया है। संघ का कहना है कि यदि 25 जून तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो रिटायर्ड कर्मचारी संघ द्वारा 26 जून को रोहतक में होने वाली राज्य कार्यकारिणी की बैठक में आगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी। रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव बेगराज ने जानकारी दी। अध्यक्षता जिला प्रधान धर्मपाल यादव ने की। बैठक को जिला सचिव बेगराज, जिला प्रैस सचिव भोला सिंह, कोषाध्यक्ष रघुनाथ मेहता ने भी संबोधित किया। जिला सचिव बेगराज में बताया कि अब लगभग तीन महीने पश्चात विधानसभा के चुनाव होने हैं। रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर मांग की है कि रिटायर्ड कर्मचारियों को बातचीत के लिए मुख्यमंत्री समय दे और बातचीत द्वारा मांगों का समाधान करें। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को भी बार-बार पत्र लिखकर, धरना /प्रदर्शन करके मांग पत्र भेजे गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बेगराज ने कहा कि हरियाणा में लगभग 3 लाख रिटायर कर्मचारी हैं। यदि सरकार ने उनकी अनदेखी की तो विधानसभा चुनाव में खामियाजा उठाना पड़ेगा। रिटायर्ड कर्मचारियों की मांग है कि 65 वर्ष, 70 वर्ष, 75 वर्ष की आयु उपरांत 5, 10, 15 प्रतिशत बेसिक पेंशन में वृद्धि की जाए। मेडिकल भत्ता 3 हजार मासिक व कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जाए।

## ईंट-भट्ठा श्रमिकों को पिलाया शर्बत

- लायंस क्लब कुलां ने निर्जला एकादशी पर की जलसेवा
- दलित कॉलोनी में जाकर लोगों को पिलाया ठंडा-मीठा जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल


**जाखल।** ईंट भट्ठों पर श्रमिकों को ठंडा मीठा जल पिलाते लायंस क्लब कुलां के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

इन दिनों में भीषण गर्मी और लू से लोगों का हाल बेहाल है। आसमान से उगलती आग ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। इसे लेकर कुलां में जगह-जगह लोग शीतल ठंडा जल पिला रहे हैं। ऐसे में जनसेवा का पुण्य कमाने के लिए लायंस क्लब कुलां की ओर से वाहन में ठंडा मीठा जल लेकर ईट भट्ठों और दलित कॉलोनी में जाकर श्रमिकों की प्यास बुझाई गई। इस भीषण गर्मी और चिल्लाती धूप में कार्य कर रहे श्रमिक शीतल मीठा जल पीकर तरबतर हुए और गर्मी से कुछ राहत महसूस की। लायंस क्लब के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने बताया कि भीषण गर्मी के मद्देनजर क्लब सदस्यों द्वारा ईंट भट्ठों व दलित कॉलोनी में जाकर श्रमिकों को पानी पिलाया है। लोगों द्वारा लायंस क्लब की इस सेवा की सराहना की। ठंडा मीठा पानी पीकर लोगों ने कहा कि इससे उन्हें गर्मी से कुछ राहत मिली है। इससे मन तृप्त हो जाता है। क्लब अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने कहा कि इन दिनों भीषण गर्मी और तेज धूप काफी अधिक मात्रा में पड़ रही हैं, जिससे लोगों का जीना काफी परेशान हो रहा है। इसे देखते हुए लायंस क्लब के सदस्यों ने स्वयं ईंट भट्ठों पर जाकर वहां काम कर रहें लोगों को पानी पिलाया गया हैं। इस भीषण गर्मी में भट्टे पर काम कर रहें मजदूरों को थोड़ा आराम और राहत मिल सके, इसे लेकर उन्होंने खुद जाकर ईंट भट्ठों पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगा रखी हैं।

## बाहर गया था परिवार, पीछे से चोरों ने घर में लगाई सेंध


**जाखल।** तलवाड़ा में चोरों द्वारा घर में बिखेरा गया सामान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। लगभग तीन सप्ताह में क्षेत्र में चार बड़ी चोरी की घटनाएं हो गई। बीते दिनों में हुई चोरी की घटनाओं में पुलिस एक का भी पर्दाफाश नहीं कर पाई है। इससे चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहा है। बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने थाना क्षेत्र के गांव तलवाड़ा में स्थित बंद मकान को निशाना बनाया हैं। दरअसल दो दिन से परिवार बाहर गया हुआ था। इसी का फायदा उठाते हुए चोर बंद मकान के ताले तोड़कर चोर अंदर घुसे और घर से लाख रुपए नकदी व अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। शिकायतकर्ता किसान गुरजंट सिंह नंबरदार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो दिन पहले वो घर का ताला लगाकर अपनी पत्नी को साथ अपनी बेटी के पास गया था। सोमवार को जब वह वापिस अपने घर पर आएं तो ताले टूटे हुए थे। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। उन्होंने सामान संभाला तो कमरे के अंदर रखें एक लाख रुपए नकदी गायब थी। चोर घर से एक लाख रुपए नकद, इनवर्टर और दो बैटरी चोरी कर ले गए हैं। इस मामले में खास बात ये देखने को मिली घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी गायब मिली हैं। इस बारे में पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति जाखल के उपाध्यक्ष जग्गी महल ने क्षेत्र में बढ़ रहीं चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की हैं।

## सद्गुरुकृपा अपना घर वृद्ध आश्रम में योग शिविर का आयोजन

# दिव्यांगों एवं वृद्ध व्यक्तियों को करवाया योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** सद्गुरु कृपया अपना घर आश्रम में योगाभ्यास करते वृद्धजन।

जिला फतेहाबाद में दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सद्गुरू कृपा अपना घर वृद्ध आश्रम, फतेहाबाद में दिव्यांगों एवं वृद्ध व्यक्तियों हेतु दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा के नेतृत्व में आयुष योग सहायकों द्वारा योग अभ्यास करवाया गया। योग विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि योग का प्रचार प्रसार एवं समाज में इसकी स्वीकार्यता निरंतर बढ़ती जा रही है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर वर्ष एक पर्व के रूप में मनाया जाता है। योग एक सांस्कृतिक विधा है जिससे शरीर और मानसिक लाभ पाया जाता है और साथ ही साथ जीवन अनुशासित होता है और चहुमुखी विकास होता है। हरियाणा योग आयोग को सरकार द्वारा योग के गतिविधियों एवं उसके प्रचार प्रसार की दायित्व सौंपा गया है। हरियाणा को स्वस्थ हरियाणा- समृद्ध हरियाणा बनाने के लिए आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग निरंतर कार्यरत है। इसी को सार्थक करने के लिए गुरु कृपा वृद्धाश्रम में विकलांगों एवं बुजुगारें के लिए योग कैंप लगाया गया। कैंप के बाद आश्रम सदस्य एवं आयुष विभाग द्वारा योग यात्रा भी निकाली गई। इस अवसर पर आश्रम के सभी स्टाफ सदस्य व योग सहायक सुरेंद्र कुमार, ज्योति वर्मा, श्रवण कुमार, कविता,सोनू व शारदा आदि उपस्थित रहे।

### योग जागरण यात्रा निकाली

**रतिया।** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गांव ढाणी बिंजा लांबा में योग जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। योग जागरण यात्रा योगशाला से लेकर राजकीय माध्यमिक विद्यालय तक निकाली गई। इसमें नियमित रूप से योग करने वाले योग साधकों समेत महिला स्कूली बच्चों एवं आयुष योग सहायक ज्योति वर्मा, सुरेंद्र कुमार व अलीश शामिल रहे। आयुष योग सहायक ज्योति वर्मा ने बताया कि योग जागरण यात्रा में योग साधकों ने बैनर के साथ-साथ योग के प्रति जागरूक करने वाली तख्तियां लेकर 'करो योग रहो निरोग' के नारे लगाते हुए लोगों को योग के प्रति जागरूक किया। स्कूल प्रांगण में खड़े होकर सभी योग साधकों ने बैनर, योग स्लोगन के साथ सभी गांववासियों को नियमित रूप से योग करने का संदेश दिया। आयुष योग सहायक सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आज तनाव भरे माहौल में योग हमारे लिए वरदान साबित हो सकता है, इसलिए हमें अपनी दिनचर्या व खानपान को सुधारते हुए प्रतिदिन योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005